# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–21 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

राज्यसभा ने आज ऑनलाइन गेमिंग–प्रमोशन और विनियमन–विधेयक दो हजार पचीस को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा ने कल यह विधेयक पारित किया था। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पारित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

**संसद ने हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों को मिडिल क्लास फैमिलिज को युवाओं को छात्रों को, उन सबको जो एक बहुत बड़ा नशा समाज में फैल रहा था ऑनलाइन मनी गेमिंग का उससे मुक्ति दिलाई है। और साथ ही साथ ई स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग जो समाज के लिए उपयोगी है उसको प्रमोट करने के लिए अथॉरिटी बनाने वाला बिल आज पास किया है। मैं संसद के सभी सदस्यों को इसके लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।**

जालंधर के डॉ. बी. आर. आंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के अनुसंधान और परामर्श विभाग के डीन डॉ. रोहित मेहरा ने विधेयक के सम्बन्ध में सरकार के प्रयास का स्वागत किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एटा जिले में सीमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमेंट प्लांट के जरिये पांच सौ लोगों को प्रत्यक्ष, जबकि तीन हजार लोगों को अप्रत्यक्ष कार्य मिला है।

***आप देख सकते हैं कि यह जो श्री सीमेंट का प्लांट यहां पर स्थापित हुआ है। प्लांट एक है लेकिन इसके माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से पांच सौ लोगों को यहां पर कार्य मिला है। तीन हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से कार्य मिला है।***

हमारे एटा प्रतिनिधि ने बताया कि सीमेंट प्लांट की उत्पादन क्षमता तीन एमटीपीए है और उसे आधुनिक तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। इसमें चालीस मेगावाट क्षमता का सोलर पॉवर प्लांट भी लगाया गया है, जिससे ऊर्जा की जरूरतें पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पूरी होंगी। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर अलीगढ़ में आयोजित हिंदू गौरव दिवस समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान स्वर्गीय कल्याण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार जितेंद्र सिंह के साथ पत्रकार वार्ता में हिस्सा लेते हुए एक्जिओम फोर मिशन के बारे में चर्चा भी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस मिशन में उनका काम मिशन पायलट का था । उन्हें मिशन के दौरान कमांडर के साथ काम करना था और क्रू ड्रैगन के सिस्टम के साथ बातचीत करनी थी। साथ ही भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा परिकल्पित, विकसित और कार्यान्वित किए गए प्रयोगों को अंजाम देना था। इस बीच, लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला के पचीस अगस्त के लखनऊ आगमन को लेकर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।

**********

इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी ने आज संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले कल एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन पत्र भरा था। उपराष्ट्रपति पद के लिए आगामी नौ सितम्बर को मतदान होगा।

**********

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कानपुर मेडिकल कॉलेज में एक मरीज की कथित मौत के मामले में प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस मामले पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह कार्रवाई एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए की है।

**********

प्रदेश सरकार ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी अंकपत्र और प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति पाये बाइस अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इसकी पुष्टि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने की है। शिक्षा निदेशक के अनुसार इन सभी अभ्यर्थियों को अनियमित रूप से किये गये वेतन भुगतान की रिकवरी कराने और उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए निर्देश भी दिये गये हैं।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग–यूपीपीएससी की परीक्षाओं में शामिल होने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर को लेकर आयोग ने अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थी अब ओटीआर में मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी गलत दर्ज होने पर उसे भी संशोधित कर सकेंगे। अभी तक इन दोनों विवरण में संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

**********

आज प्रख्यात शहनाई वादक भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की पुण्यतिथि है। वाराणसी निवासी उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की अठारहवीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश जरिये उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा है कि उस्ताद की शहनाई से गुंजायमान संगीत अनंत काल तक लोगों की स्मृतियों में जीवंत रहेगा।

**********